हरिभूमि
कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 26 अगस्त 2025
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



## खबर संक्षेप



### कार्मेल स्कूल में बच्चों के परिवार के वरिष्ठजनों को किया गया सम्मानित

**बिश्रामपुर।** नगर में संचालित कार्मेल कॉन्वेंट अंग्रेजी माध्यम स्कूल, में शनिवार को कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के परिवार के वरिष्ठजनों दादा-दादी एवं नाना-नानी के सम्मान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना गीत से हुई,जिसके बाद विद्यार्थियों ने हास्य एवं मनोरंजन से भरा कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थितजनों का मनमोह लिया,इस दौरान कार्मेल कॉन्वेंट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर मार्लिन ने अपने उद्बोधन में कहा कि परिवार में मौजूद वरिष्ठजन दादा-दादी और नाना-नानी बच्चों के जीवन की अमूल्य धरोहर हैं,उनका स्नेह,आशीर्वाद और अनुभव नई पीढ़ी के लिए उचित मार्गदर्शन का कार्य करता है,यह आयोजन विद्यालय परिवार की ओर से वरिष्ठजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक प्रयास है।आयोजन में स्कुल की अध्यापक अध्यापिकाओं व अन्य स्टाफ का सक्रिय योगदान रहा।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नई कार्यकारिणी घोषित



**बलरामपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बलरामपुर की नवीन नगर कार्यकारिणी की घोषणा शनिवार को की गई। कार्यकारिणी में नगर मंत्री के रूप में सुखसागर गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई है वहीं नगर सहमंत्री कुणाल गुप्ता, अभिषेक सिंह (प्रियांशु), सूरज सिंह और कौशल्या कुशवाहा को बनाया गया है। इस अवसर पर जिला संयोजक रितिक सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा से राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करती आई है और आगे भी छात्रों की समस्याओं के समाधान तथा शिक्षा क्षेत्र में सुधार हेतु निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

### रजत महोत्सव के तहत कन्या उमावि में हुई प्रतियोगिता

अंबिकापुर। रजत महोत्सव के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला सशक्तिकरण केंद्र द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना



अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी जगदेव राम प्रधान एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बसंत मिंज के नेतृत्व में शा. कन्या उमावि लखनपुर में बालिकाओं की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए उन्हें बालिकाओं की सुरक्षा एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं विभिन्न प्रकार के खेल व अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया साथ ही नशा मुक्त सरगुजा बनाने हेतु शपथ भी ली गई। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर आधारित निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आए प्रतिभागियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। विभागीय जानकारी के अंतर्गत लैंगिक समानता, मासिक स्वच्छता, साइबर क्राइम, बाल विवाह, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड लाइन 1098, जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में मिशन शक्ति हब से जेंडर विशेषज्ञ श्रीमती नीलमणि एक्का, वित्तीय साक्षरता समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, साइबर सुरक्षा सेल से विक्की गुप्ता, श्रुति तिवारी एवं स्कूल की प्राचार्य शशिधर पांडे, शिक्षक व शाला की छात्राएं उपस्थित रहीं।

## खुलेआम दिन दहाड़े करते हैं शराबखोरी, प्रशासन मौन

# नगर पंचायत का पौनी पसारी शेड बना शराबियों का अड्डा



शेड के नीचे शराब खोरी करते नशेड़ी।



शराब खरीदते युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत नए बस स्टैंड के सामने नगर पंचायत का गरीबों को मिलने वाली दुकान पौनी पसारी प्रतीक्षालय में खुलेआम शराब पिलाए जाने का मामला गंभीर होता जा रहा है। जहां चखना दुकानों पर कुर्सियां लगाकर ग्राहकों को शराब परोसी जाती है। शराबखोरी का यह अड्डा न सिर्फ सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है बल्कि महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा पर भी संकट खड़ा होने लगा है।

**खास बात**

- नहीं सुनते नपं कर्मचारियों की बात, कार्रवाई करने से कतराती है पुलिस

**बन गया शराबियों का अड्डा**

अंग्रेजी शराब दुकान के सामने नगर पंचायत का पौनी पसारी योजना के तहत बनाई गई छोटे दुकानदारों के लिए, विकसित नहीं हुई। मगर अंग्रेजी शराब दुकान के सामने बनने से यह जरूर शराबखोरी का अड्डा जरूर बन गया है। शराबियों का पुलिस का खौफ नहीं रहा। शायद पुलिस भी अब कार्रवाई करने से कतराती है। खुलेआम शराब पीने से समाज के लिए घातक सिद्ध हो रहा है, मुख्य मार्ग सड़क किनारे शराब दुकान, बीच में पौनी पसारी और उसके सामने नगर पंचायत का मंगल भवन जो पूरी तरह से शराबियों का अड्डा बना हुआ है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि शराब दुकान के अलावा यहां मटन और मुर्गा की दुकानें भी संचालित हैं। महिलाएं सामान लेने आती हैं, लेकिन वहां मौजूद शराबी और मनचलों की हरकतों से असुविधा होती है। कई महिलाएं अब इस मार्ग से गुजरने से भी बचने लगी हैं तथा इसी रास्ते में धार्मिक स्थान शिवपुर मार्ग भी है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत प्रशासन और पुलिस की जानकारी के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। आए दिन नशे में धुत लोगों के कारण झगड़े और उत्पात मचाते है। खुलेआम शराबखोरी से जहां शराबियों का जमावड़ा लगा होता है, वहीं पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर उनके हौसले बुलंद हो गए है। बिना डर भय के चारों तरफ शराबियों का अड्डा बनता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि ऐसे अवैध चखना दुकान संचालक के विरुद्ध कार्रवाई व दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

**शराबी नहीं मानते बात**

नगर पंचायत के कर्मचारियों को भेजते है लेकिन शराब उनकी बात नहीं मानते और विवाद की स्थिति निर्मित होने पर कर्मचारी वापस लौट जाते है।

-यूफ्रिसिया एक्का
नगर पंचायत सीएमओ

**कड़ी कार्रवाई के लिए करता हूं निर्देशित**

नशेडी खुलेआम शराबखोरी कर रहे तो मामला गंभीर है। मामले को गंभीरता से लेकर हुए कड़ी कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित करता है। पुलिस की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

-प्रशांत कुमार ठाकुर
एसएसपी सूरजपुर



प्रवेश उत्सव मे विद्यार्थियों के साथ पूर्व डिप्टी सीएम।

## कॉलेज के प्रवेश उत्सव में शामिल हुए सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार को संभाग के सबसे बड़े महाविद्यालय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव शामिल हुए।

एनएसयूआई द्वारा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम शुरूआत पहलगाम हमले और उसके बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर पर एक प्रस्तुति के साथ हुई। इसके बाद लोक गायन और लोक नृत्य के कार्यक्रम हुए। नवप्रवेशी छात्रों को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने उन्हें शैक्षणिक सोपान की एक सीढ़ी चढ़ स्कूल से महाविद्यालय पहुंचने की बधाई दी और उन्हें उत्तरोत्तर सफलता की शुभकामनाएं दी। छात्रों को उन्होंने कहा कि जब भी छात्रों को मेरी आवश्यकता हो वो मुझतक अधिकार पूर्वक आ सकते हैं। कार्यक्रम में पहलगाम घटना के थीम पर किये गए मंचन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पड़ोसी मुल्क ऐसी ओछी घटना के माध्यम से देश के सौहार्द को समाप्त करने का प्रयास कर रहा है लेकिन इसके विरुद्ध हमे एक रहते हुए देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखना है। इस दौरान शफी अहमद , द्वितेन्द्र मिश्रा, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, आलोक सिंह, नीतीश चौरसिया, रजनीश सिंह, उत्तम राजवाड़े, विकल झा, सतीश बारी, निक्की ख़ान, आशीष जायसवाल, धीरज पटवा, सुरेंद्र गुप्ता, संजर नवाज़, आकाश यादव, अभिषेक सोनी, गौतम गुप्ता, शंकर लाल सिंह, आयुष सोनी, अंकित जायसवाल, ऋषभ जायसवाल, वर्षा जायसवाल, आकांशा, वैष्णवी तिवारी, सेजल श्रीवास्तव, काजल मानिकपुरी, आदि उपस्थित थे।

### जिला क्रिकेट संघ द्वारा ट्रायल की तिथियां घोषित, अंडर-14 का ट्रायल अब 30 को

**अम्बिकापुर।** जिला क्रिकेट संघ की ओर से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संघ द्वारा अंडर-14, अंडर-16, अंडर-19, अंडर-23 और सीनियर वर्गों के लिए चयन ट्रायल की निर्धारित तिथियां जारी की गई हैं। पहले 24 अगस्त को प्रस्तावित अंडर-14 ट्रायल अब खराब मौसम के चलते 30 अगस्त को आयोजित होगा। इस दिन रायपुर से चयनकर्ता और प्रेक्षक कमल घोष भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी संघ के उपाध्यक्ष अभय त्रिपाठी और कोच अलंकार तिवारी ने दी। अंडर-19 ट्रायल 31 अगस्त, अंडर-23 एवं सीनियर ट्रायल 7 सितंबर तथा अंडर-16 ट्रायल 14 सितंबर को होंगे। पात्रता आयु सीमा भी तय की गई है-अंडर-14 के लिए 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2013 के बीच जन्मे खिलाड़ी, अंडर-16 के लिए 1 सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012, अंडर-19 हेतु 1 सितंबर 2007 से पूर्व जन्मे और अंडर-23 के लिए 1 सितंबर 2003 से 31 अगस्त 2007 के बीच जन्मे खिलाड़ी शामिल होंगे। ट्रायल में सम्मिलित होने वाले खिलाड़ियों को छह साल की मार्कशीट, डिजिटल जन्म प्रमाणपत्र, पीवीसी आधार कार्ड, जिले का मूल निवास प्रमाणपत्र और हाल की पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना होगा। सभी दस्तावेजों का पीडीएफ भी अनिवार्य है। यदि खिलाड़ी या उसके अभिभावक सरकारी सेवा में हैं, तो जिले में कम से कम छह माह का कार्यकाल आवश्यक है। संघ ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों का विशेष कैंप लगाया जाएगा, जिसमें आपसी मैचों और कोचिंग स्टाफ के मूल्यांकन से 15 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का अंतिम चयन होगा।

## एनएच पर बैठे मवेशियों से टकराया वाहन, दो गायों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- वाहन में सवार युवती हुई गंभीर रूप से घायल,इलाज हेतु अस्पताल कराया गया भर्ती
- मवेशियों को सड़क पर खुले में छोड़ने के आरोप में कुंजनगर निवासी मवेशी स्वामी पर भी दर्ज हुआ अपराध

शनिवार की रात एनएच 43 पर रेलवे स्टेशन रोड स्थित सिंह पेट्रोल पंप समीप एक वाहन चालक ने सड़क पर बैठी दो गायों को जोरदार टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, साथ ही वाहन सवार एक युवती भी गंभीर रूप से घायल हो गई है।गौरतलब है कि श्री श्याम गौ सेवा समिति के गौ सेवक अपनी जान की परवाह किए बिना सड़क पर विचरण कर रहे मवेशियों को बीती रात रेडियम बेल्ट पहनाने का अभियान चला रहे थे, इनका उद्देश्य था कि रात के अंधेरे में वाहन चालक मवेशियों को आसानी से पहचान सकें और दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

शनिवार की रात करीब 11 बजे जब गौ सेवक आदित्य शर्मा, अक्षत पाठक, बिट्टू भारती, आनंद ठाकुर, रोहन राहु और मयंक साहू रेलवे स्टेशन में सिंह पेट्रोल पंप के पास राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट पहना रहे थे, तभी टाटा मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 5935 का चालक कोरिया जिले के चरचा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमझर निवासी रोशन राजवाड़े पिता सुदामा राजवाड़े ने तेज व



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क किनारे बैठी दो गौ माता को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दोनों गौ माता की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही वाहन में सवार उमझर गांव निवासी 19 वर्षीय रीतू दास पिता कन्हैया दास पनिका को गंभीर चोट आई है जिसे गौ सेवकों द्वारा तत्काल एंबुलेंस से सुरजपुर जिला अस्पताल भिजवा दिया गया है,मामले में वाहन चालक रोशन राजवाड़े के खिलाफ प्रार्थी गौ सेवक कन्हैया दुबे पिता विजय दुबे द्वारा बिश्रामपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 291 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

ज्ञात हो कि शनिवार की रात जब सड़क पर आवारा पशुओं को रेडियम बेल्ट लगाया जा रहा था,इसी दौरान एक मवेशी के कान में विभाग द्वारा लगाए गए विभागीय टैग का अवलोकन किया गया,जांच में विभागीय टैग के अनुसार पता चला कि उक्त मवेशी ग्राम कुंजनगर निवासी चंद्रकेश्वर राजवाड़े पिता वशिष्ठ राजवाड़े की है, इस आधार पर गौ सेवकों द्वारा तत्काल बिश्रामपुर थाना में मवेशी को आवारा छोड़ने और सड़क पर दुर्घटना का कारण बनने के आरोप में मवेशी स्वामी चंद्रकेश्वर राजवाड़े के खिलाफ धारा 281, 325 के तहत एफआईआर दर्ज करा दी गई है।बताया जा रहा है कि अब केवल लापरवाह वाहन चालकों पर ही नहीं, बल्कि सड़क पर आवारा मवेशियों को छोड़ने वाले पशु मालिकों पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।यह कदम आमजन की सुरक्षा और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में अहम माना जा रहा है,ज्ञात हो कि सड़कों पर आवारा पशुओं के कब्जा से आमजन को बेवजह खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### सनराइज स्कूल में बच्चों के बीच मटका सजाओ प्रतियोगिता

**अंबिकापुर।** सनराइज स्कूल में जन्माष्टमी के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के बीच मटका सजावट प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कल्पना शक्ति का प्रदर्शन करते हुए रंग बिरंगे घड़ो को सजाकर सभी का मन मोह लिया.इसके साथ ही बच्चों ने श्री कृष्ण और राधा रानी वेश भूषा धारण कर मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। इस दौरान प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा को निखारने का काम करते है और उनमें आत्मविश्वास भरते है। कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



### भक्तिभाव से मना गुरु ग्रन्थ साहेब का पहला प्रकाश पर्व

**बिश्रामपुर।** नगर के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में रविवार की सुबह तड़के श्री गुरु ग्रन्थ साहेब जी का पहला प्रकाश पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया गया,आयोजन को लेकर प्रबंधन कमेटी व समूह साध संगत द्वारा तीन दिनों पूर्व से तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई थीं,इसके लिए विशेष तौर पर गुरुद्वारा प्रांगण की फूलों से सजावट कराई गई,रविवार की सुबह तड़के करीब 3:45 बजे समूह साध संगत की मौजूदगी में गुरु ग्रन्थ साहेब जी का प्रकाश मुख्य ग्रंथी द्वारा किया गया, हुकूमनामा पढ़ने पश्चात रागी जत्थे भाई अनोख सिंह, हरप्रीत सिंह व बलबीर सिंह ने गुरबाणी रूपी शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया,सुबह 7 बजे अरदास समाप्ति पश्चात प्रसाद रूपी गुरु का लंगर वितरण किया गया,इस दौरान सिक्ख समाज के सुरजीत सिंह चावला, आनंददीप चावला, जसबीर सिंह, मंजीत सिंह भामरा, रणबीर भामरा, सुविंदर सिंह, प्रिंस ढिल्लों, हरजीत सिंह सैनी, गुरदीप माखीजा, गुरविंदर माखीजा, मनप्रीत सिंह सोहल उपस्थित रहे।



### कलेक्टर ने स्पेशलाइज्ड पंचकर्म थेरेपी सेंटर का किया निरीक्षण

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने स्पेशलाइज्ड पंचकर्म थेरेपी सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेंटर परिसर का अवलोकन करते हुए उन्होंने साफ सफाई, भवन मरम्मत के निर्देश दिए। साथ ही सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर एसडीएम, जिला आयुष अधिकारी, आयुर्वेद अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने निरीक्षण के दौरान स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर में सभी उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान ओपीडी मरीजों की जानकारी ली। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने भवन के मरम्मत, साफ सफाई के लिए भी निर्देशित किया।



## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के विविध कार्यक्रम में 200 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय एकता पर्व 2025 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य राजेश प्रसाद एवं संयोजक आनंद खेस रहे। इस अवसर पर संकुल अंतर्गत आने वाले छह विद्यालयों के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में केवीएस कला उत्सव की विविध प्रतियोगिता आयोजित की गईं। इनमें समूह नृत्य, समूह गीत, कलाकृतियों, परियोजनाओं का प्रदर्शन, वाद्य एवं स्वर संगीत, लोक एवं शास्त्रीय नृत्य, नाट्य मंचन, दृश्य कला की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिताओं में छात्रों ने गुजरात की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, लोकनृत्य गरबा, पारंपरिक वेशभूषा




और लोकगीतों को मंच पर जीवंत कर दिया। प्रतियोगिताओं में समूह नृत्य, समूह गीत, नाट्य मंचन, दृश्य एवं प्रदर्शनी कला, वाद्य व स्वर संगीत, पारंपरिक कहानी कथन, पेंटिंग में अपनी कला का जौहर दिखाया। छात्रों ने गरबा नृत्य, लोकगीत, पारंपरिक वेशभूषा और कला के माध्यम से गुजरात की सांस्कृतिक समृद्धि को अभिव्यक्त किया। मुख्य अतिथि राजेश प्रसाद ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि भारत की असली शक्ति उसकी सांस्कृतिक विविधता और एकता में निहित है और ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता के सूत्र में जोड़ते हैं।

प्रतियोगिताओं में केन्द्रीय विद्यालय झगराखांड ने समूह गीत, पेंटिंग, स्वर संगीत, दृश्य कला 2डी और पारंपरिक कहानी कथन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि केन्द्रीय विद्यालय जशपुर ने वाद्य संगीत, समूह नृत्य और दृश्य कला समूह प्रतियोगिताओं में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। इसी तरह केन्द्रीय विद्यालय चिरमिरी ने प्रदर्शनियों एवं समूह नृत्य में, मनेन्द्रगढ़ ने वोकल म्यूजिक ग्रुप और वाद्य संगीत परकशन में, बैकुंठपुर ने दृश्य कला 3डी में तथा मेज़बान केन्द्रीय विद्यालय अंबिकापुर ने नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन विजेताओं को आगामी संभागीय स्तर पर पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बिलासपुर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में अंबिकापुर संकुल का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

**पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया कला उत्सव**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, में सोमवार को छात्रों के बीच कला, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय ने दो प्रमुख कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत और कला उत्सव 2025 का आयोजन किया। दिन भर चले कार्यक्रमों में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने समूह नृत्य, समूह गीत, और पारंपरिक कलाकृतियों की प्रदर्शन किया तथा चित्रकारी प्रतियोगिता में अपना कौशल दिखाया। छात्रों की प्रस्तुति भारत की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का उत्कृष्ट उदाहरण थीं। इसके बाद, कला उत्सव 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कई श्रेणियों में प्रतियोगिताएं हुईं। गायन और वादन में छात्रों ने शास्त्रीय और लोक शैलियों में गायन वादन की। शास्त्रीय व लोक नृत्य तथा लघु नाटकों की प्रस्तुति दी। विद्यालय की लाइब्रेरी और आर्ट रूम में आयोजित दृश्य कला प्रतियोगिता में चित्रकला, मूर्तिकला और अन्य कला रूपों में प्रभावशाली काम दिखाए गए। कार्यक्रम में पारंपरिक भारतीय कलाओं का भी जश्न मनाया गया, जिसमें एक छात्र ने पारंपरिक खिलौने और खेल का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों के प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त किया और एक सर्वांगीण शैक्षिक वातावरण बनाने में ऐसे कार्यक्रमों के महत्व पर जोर दिया।



## 84 लीटर शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब तस्करी करने के मामले में सफलता हासिल की है। पुलिस ने देश शराब के टेट्रा पैक की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को पकड़ने के साथ ही उनके पास से 84 लीटर शराब जब्त किया है।

बता दें कि अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी व एसडीओपी राम अवतार ध्रुव के नेतृत्व में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रघुनाथनगर पुलिस ने झापर के रास्ते में घेराबंदी कर बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडडी 2001 को रोककर उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान वाहन सवार एमपी सिंगरौली बैढ़न के ग्राम गुफापर निवासी चन्दन बाबू आया. नागेन्द्र प्रसाद व सहयोगी यूपी बभनी डूमरहर निवासी अब्दुल सत्तार आ. स्व. हनीफ खान को हिरासत में लेकर वाहनों की तलाशी ली गई।

इस दौरान आरोपियों के पास से 420 नग वाह ऑरेंज नामक शराब जब्त किया गया। आरोपियों के पास से कुल 84 लीटर देशी शराब बरामद किया गया है जिसकी कीमत 8 लाख 31 हजार 500 रुपए आंकी गई है। इस कार्रवाई में निरीक्षक देवेंद्र ठाकुर, प्रधान आरक्षक योगेश मरावी, आरक्षक जुगेश जायसवाल, नगर सैनिक सचेत साहू, अरुण पटेल, टेकचंद वर्मा सक्रिय रहे।





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## इको फ्रेंडली मिट्टी की बनाई गई गणेश प्रतिमा | पूजा पंडालों में तैयारियां अंतिम दौर में, 10 दिन बहेगी भक्ति की बयार

# कल जगह-जगह विराजेंगे विघ्नहर्ता भगवान गणेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रथम पूज्य भगवान गणेश के पूजा-अर्चना के लिए पूजा पंडाल बनाने की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। इस समय पंडालों के आस-पास साफ-सफाई का कार्य चल रहा है।

27 अगस्त को गणेश चतुर्थी पर शुभ मुहूर्त में पूजा पंडालों में गणेश जी की प्रतिमा स्थापना कर पूजा-अर्चना विधि-विधान के साथ आगामी 10 दिनों के लिए शुरू होगा। शहर से लेकर गांव-गांव में गणेश पूजा की धूम रहती है। बैकुंठपुर शहर में ही कई जगहों पर गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाती है, इसके अलावा जिले के कई गांव में भी उल्लास के साथ गणेश पूजा मूर्ति स्थापित कर किया जाता है, इसके अलावा कई श्रद्धालुओं के द्वारा अपने घरों में गणेश जी की छोटी मूर्ति स्थापित कर पूजा-अर्चना विधि-विधान के साथ किया जाता है। गणेश पूजा की तैयारी को लेकर विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा तैयारियां शुरू कर दी है। जहां 27 अगस्त को आकर्षक







पंडालों के बीच भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की शुरूआती की जाएगी और आगामी 10 दिनों तक गणेश पूजा की धूम रहेगी। गणेश चतुर्थी को लेकर मूर्तिकारों ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। शहर के कई क्षेत्रों में जून के महीने से ही मूर्तिकार पहुंच कर प्रतिमा बनाने में जुट गए थे। लगभग सभी जगहों पर पश्चिम बंगाल के मूर्तिकारों का दल शहर पहुंच कर बरसात शुरू होने के पूर्व से ही गणेश जी की प्रतिमा बनाने शुरू कर दिए थे ,जिन्हें अब सभी जगहों के मूर्तिकार गणेश प्रतिमाओं को सजाकर अंतिम रूप दे दिए हैं। मूर्तिकारों के पास से एक दिन पूर्व से गणेश प्रतिमाओं का उठाव पूजा समितियों द्वारा किया जाएगा।

### तीन हजार तक की मूर्तियां

शहर के स्कूलपारा के सड़क किनारे मूर्तिकारों के द्वारा बड़ी संख्या में गणेश भगवान की मूर्तियां बनाई गई है। यहां के मूर्तिकारों ने बताया कि उनके यहां 300 से लेकर 3 हजार तक की गणेश जी की मूर्तियां उपलब्ध हैं, इनमें से कई तो आर्डर पर बनाए गए हैं तो कई मूर्तियां बिना आर्डर की हैं। मूर्तिकारों ने बताया कि यहां इको फ्रेंडली मिट्टी के गणेश प्रतिमा बनाई गई हैं। गणेश जी की मूर्तिया विक्रय करने के साथ ही देवी दुर्गा की प्रतिमा भी बनाई गई और बनाई जा रही है, जिसे पूरा करने में जुट जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### मेजर ध्यानचंद जयंती 29 को


**मनेन्द्रगढ़।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ के खेल मैदान में 29 अगस्त को अपरान्ह 12 बजे से भव्य खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा।

### छात्र की पिटाई पर सर्व आदिवासी समाज नाराज

**मनेन्द्रगढ़।** भरतपुर विकासखंड के अंतर्गत शासकीय विद्यालय कोटाडोल में शिक्षक द्वारा छात्र की बर्बर पिटाई का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना का वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल होने के बाद सर्व आदिवासी समाज छग ने गंभीर संज्ञान लिया है। समाज ने तथ्यात्मक जांच के लिए 5 सदस्यीय समिति गठित की है। इसमें गुलाब कमरो, शरण सिंह, बिजयराज सिंह, भगवान सिंह खैरवार एवं संतोष कमरो को शामिल किया गया है। समाज के प्रांताध्यक्ष शिशुपाल शोरी ने कहा कि यह घटना अत्यंत निंदनीय है, दोषियों पर कठोर कार्रवाई अनिवार्य है।

### 9 जुआरी गिरफ्तार, 61 हजार नकद बरामद

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के मनेन्द्रगढ़




कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती में रविवार शाम लगभग 4:30 बजे पुलिस ने जुआ खेल रहे 9 लोगों पर छापामार कार्रवाई की। छापेमारी में पुलिस ने मौके से 61510 नगद, 5 मोटरसाइकिल एवं जुए के अन्य सामान जब्त किए। पकड़े गए सभी आरोपी मनेन्द्रगढ़ नगर के ही निवासी बताए जा रहे हैं। थाना प्रभारी सुनील तिवारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापा मारकर 9 लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा है। सभी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। जुआ एक सामाजिक बुराई है और लोगों को इससे दूर रहना चाहिए।

### छापामार कार्रवाईः 14 लीटर अवैध शराब जब्त

**बैकुंठपुर।** जिला आबकारी विभाग के अधिकारी रमेश अग्रवाल की टीम ने अवैध शराब बनाने, बेचने एवं तस्करी करने वालों के विरूद्ध सोमवार को छापामार कार्रवाई की गई। बैकुंठपुर जनपद के ग्राम कोदवारीडाड़ में अवैध शराब बनाकर बेचने की सूचना पर आबकारी टीम ने छापेमारी की और मौके पर श्रीमती चंपावती पति रामपाल के घर की तलाशी में 8 लीटर अवैध शराब एवं सोमपाल पिता बसंत के घर से 6 लीटर इस तरह 14 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। दोनों आरोपियों को आबकारी एक्ट के धारा 34 (2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया, तथा आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 5 लीटर से अधिक मात्रा में अवैध मदिरा रखने पर एक से दो वर्ष तक जेल और 25 हजार से 1 लाख रूपए तक दंड के प्रावधान है। आरोपी के दूसरी बार अवैध शराब रखने पर सजा दो से पांच साल तक और जुर्माना 50 हजार से 2 लाख रूपए तक किए जाने का प्रावधान है। वाहन में अवैध शराब रखे पाए जाने पर कलेक्टर न्यायालय द्वारा वाहन को राजसात कर नीलामी किए जाने की भी आबकारी एक्ट में प्रावधान है।

## घरों में घुसा पानी, एनएच 43 पर भी जलभराव

# भारी बारिश से नाला उफान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

कोयलांचल क्षेत्र में हुई भारी बारिश ने नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 4 और 5 के निवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सोमवार को नाले का पानी उफान मारकर पुलिया पार कर आसपास की झोपड़ियों और घरों में घुस गया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस नाले का पानी आज तक इतना उफान पर कभी नहीं आया था। अचानक हुई इस स्थिति से लोग परेशान हो गए।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका को नाले की नियमित सफाई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी समस्या न हो। साथ ही एसईसीएल और पालिका को मिलकर नाले और पुलिया की मरम्मत करने की भी आवश्यकता है। इसी तरह एनएच 43 पर रेलवे ऑफिस के सामने भी जलभराव की गंभीर समस्या देखने को मिली। यहां पानी भरने से यातायात प्रभावित हुआ और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह समस्या जल निकासी व्यवस्था की खराबी और अधूरी सड़क निर्माण के कारण और अधिक गंभीर हो रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि रेलवे और एनएच को मिलकर इस समस्या का स्थायी समाधान निकालना होगा। नालियों की नियमित सफाई, सड़क मरम्मत और निर्माणाधीन हिस्सों को शीघ्र पूरा करने से जलभराव की समस्या कम की जा सकती है।



बारिश से सड़क पर भरा पानी।



मौके पर वार्डवासी।



घरों में घुसा पानी।

### विधायक, कलेक्टर ने किया पौधरोपण

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा के फिल्टर प्लांट परिसर में सोमवार को पौधरोपण के साथ शव वाहन, मर्चुरी फ्रिजर और डोर-टू-डोर कचरा वाहन का लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भईयालाल राजवाड़े और कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा अध्यक्ष अरूण कुमार जायसवाल ने की। विशिष्ट अतिथियों ⏭ शेष पेज 4 पर



पौधरोपण करते अतिथि।



# एसईसीएल अंतर क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता

**बैकुण्ठपुर।** एसईसीएल कंपनी के संयुक्त सलाहकार समिति, कंपनी कल्याण मंडल एवं कंपनी सुरक्षा समिति के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैकुंठपुर क्षेत्र में अंतर क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन समारोह 23 अगस्त को आयोजित किया गया।

■ बिलासपुर मुख्यालय की टीम प्रथम

दो दिन तक चली इस प्रतियोगिता में एसईसीएल के 15 क्षेत्रों की टीमों के लगभग 100 प्रतिभागियों ने अपना कौशल दिखाया। टीम इवेंट में मुख्यालय बिलासपुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान दीपका क्षेत्र की टीम को मिला और तृतीय स्थान हसदेव क्षेत्र की टीम के हिस्से में गया। कार्यक्रम के आरंभ में बैकुंठपुर क्षेत्र के मानव संसाधन विभागाध्यक्ष ललित प्रकाश तिर्की ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और प्रतियोगिता की जानकारी साझा की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक बीएन झा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और अन्य प्रतिभागियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। सभी अतिथियों द्वारा विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतिभागियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए बैकुंठपुर प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर बैकुंठपुर क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्ष, जेसीसी, कल्याण समिति, सुरक्षा समिति, सिस्टा प्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आवास निर्माण की बागडोर जल्द संभालेंगी महिला राजमिस्त्री



**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास निर्माण कार्यों को गति देने अब महिलाएं भी राजमिस्त्री के रूप में योगदान देंगी।

■ पीएम आवास को गति देने युवाओं के साथ महिलाओं का प्रशिक्षण

जिले में वर्तमान में 9,441 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें से 3,732 पूर्ण हो चुके हैं जबकि 5,709 आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। बड़ी संख्या में निर्माण कार्य होने के कारण राजमिस्त्रियों की आवश्यकता को देखते हुए जिला प्रशासन ने युवाओं और महिलाओं दोनों को कौशल विकास प्रशिक्षण देने की पहल शुरू की है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा युवाओं और महिलाओं को राजमिस्त्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चयनित महिलाएं बिहान योजना के तहत स्व-सहायता समूहों ⏭ शेष पेज 4 पर

### अग्निवीर भर्ती के लिए निःशुल्क पंजीयन 5 तक

**बैकुण्ठपुर।** जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी दी है कि राष्ट्रीय रोजगार सेवा छग, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बैकुंठपुर द्वारा भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती वर्ष 2025-26 के अंतर्गत, थल सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा कम्प्यूटर आधारित परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण जिसके अंतर्गत 1.6 किमी दौड़, बीम पुल-अप, 9 फीट गड्ढ़ा कूदना सहित अन्य शारीरिक दक्षता गतिविधियों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिले के इच्छुक अभ्यर्थी जो कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में सफल हो, वे परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, अभ्यर्थी संबंधी समस्त दस्तावेजों के साथ स्वयं कार्यालयीन समय पर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बैकुंठपुर स्थान कलेक्ट्रेट परिसर जिला पंचायत के बगल में 5 सितंबर तक अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पंजीयन कराएं, ताकि उन्हें निःशुल्क प्रशिक्षण का लाभ दिया जा सके।

# ड्यूटी करने से किया मना, कलेक्टर से की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले में बीते वर्ष परियोजना खड़गवां अंतर्गत कई आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिकाओं की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की गई थी, इसके पश्चात कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना खड़गवां द्वारा दिसंबर 2024 में नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति आदेश जारी किया गया था।

नवनियुक्त सहायिकाओं के द्वारा आदेश के पालन में अपने चयनित आंगनबाड़ी केन्द्रों में बतौर सहायिका पद पर अपनी उपस्थिति देकर पालन प्रतिवेदन विभाग के अधिकारी को भेजा और नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं के द्वारा अपनी ड्यूटी की जाने लगी। इस तरह पांच माह मई माह तक नव नियुक्त कुछ आंगनबाड़ी केन्द्र की सहायिकाओं ने कार्य किया, इसके पश्चात उन्हें जून में कार्य पर उपस्थित नहीं होने के मौखिक निर्देश आंगनबाड़ी केन्द्र के कार्यकर्ताओं के द्वारा दिया गया कि अधिकारी का निर्देश है कि वे कार्य पर अगले आदेश मिलने तक नहीं आएंगे। इस निर्देश के बाद परियोजना खड़गवां अंतर्गत कुछ आंगनबाड़ी केन्द्र जहां नवनियुक्त सहायिकाएं अपनी ड्यूटी पर नहीं आने लगी, लेकिन अब तक उन्हें कार्य पर नहीं बुलाया गया, इसे लेकर नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाएं परेशान हैं और उन्हें कार्य करने पर मानदेय भी नहीं मिल रहा है। इस तरह पॉच माह तक कार्य करने के बाद नवनियुक्त कुछ स्थानों के आंगनबाड़ी सहायिकाएं बेरोजगार हो गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खड़गवां परियोजना में वर्ष 2024 में हुई आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती को लेकर विभागीय अधिकारियों के पास लेन-देन कर भर्ती किए जाने की शिकायत के बाद खड़गवां के परियोजना के महिला बाल विकास अधिकारी के द्वारा कुछ जगहों के आंगनबाड़ी केन्द्रों के नवनियुक्त सहायिकाओं को मौखिक रूप से कार्य पर तब तक न आने के निर्देश दिए गए, जब तक की जांच पूरी नहीं हो जाती, लेकिन संभवतः अब तक शिकायत की जांच पूरी नहीं हो पाई है।

### मौखिक आदेश पर काम पर नही आने के निर्देश

महिला बाल विकास परियोजना खड़गवां के अधिकारी के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में लेन-देन कर सहायिका भर्ती की शिकायत मिलने पर कुछ जगहों के नवनियुक्त सहायिकाओं को काम पर नहीं आने की सूचना संबंधित कार्यकर्ताओं के माध्यम से दिए गए किसी भी सहायिकाओं को कार्य पर नहीं आने को लेकर लिखित आदेश नहीं दिए गए हैं, जबकि नवनियुक्त सहायिकाओं को चयन पश्चात चयनित केन्द्रों में ज्वाईनिंग के लिए लिखित आदेश दिए गए थे तो फिर उन्हें मौखिक आदेश से कार्य पर न आने का निर्देश कैसे दिया गया ,क्या महिला बाल विकास विभाग में मौखिक निर्देश पर किसी को नौकरी से निकाला जा सकता है यह महत्वपूर्ण प्रश्न है।

### कलेक्टर से की गई शिकायत

एकीकृत परियोजना कार्यालय महिला बाल विकास परियोजना खड़गवां के अधिकारी द्वारा मनमानी मौखिक आदेश को लेकर खड़गवां परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुछ केन्द्रों के नवनियुक्त सहायिकाओं के द्वारा कलेक्टर एमसीबी के पास शिकायत देकर मामले में उचित कार्रवाई की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार खड़गवां परिजन के अंतर्गत ग्राम नेवरी के आंगनबाड़ी केन्द्र घोकवापारा में नव नियुक्त सहायिका कुमारी कृष्णा सिंह ने कलेक्टर को शिकायत कर पुनः कार्य पर लिए जाने की मांग की, इसके अलावा अन्य पीड़ितों ने भी कलेक्टर को शिकायत दी है।

## अंधेरे से होकर गुजरना लोगों के लिए खतरे से खाली नहीं

# महीनों से स्ट्रीट लाइट बंद, निगम की सुस्ती से लोगों में आक्रोश



### बरसात में सांप- बिच्छू और जहरीले कीड़ों का बढ़ जाता है प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कॉलरी

वार्ड क्रमांक 6 और 7 में महीनों से स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई हैं। बरसात के मौसम में जब सांप-बिच्छू और जहरीले कीड़ों का प्रकोप बढ़ जाता है, ऐसे में अंधेरे से होकर गुजरना लोगों के लिए खतरे से खाली नहीं है। खासकर कोचिंग पढ़ने जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों और कामकाजी लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार कोरिया कॉलरी में छग राज्य विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं है। लगभग एक वर्ष पूर्व पोड़ी कालरी से कोरिया कालरी तक सिर्फ स्ट्रीट लाइट के लिए राज्य विद्युत विस्तार किया गया था, लेकिन यह व्यवस्था कोरिया के नजदीक आकर ही समाप्त हो जाती है। पहले एसईसीएल और निगम की संयुक्त व्यवस्था से कॉलोनियों में स्ट्रीट लाइटें जलती थीं, पर अब वह भी ठप हो चुकी है। निगम द्वारा लगाए गए पोलों की स्थिति जर्जर हो चुकी है। कहीं टूटे-फूटे स्विच बॉक्स लटके हैं, तो कहीं बल्ब ही नहीं लगे हैं। इस लापरवाही से आम जनता में आक्रोश बढ़ रहा है। लोग पार्षदों और निगम प्रशासन पर असंतोष जताते हुए समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं।

विद्युत प्रभारी नगर पालिक निगम चिरमिरी संतु राणा ने कहा कि निगम की विद्युत व्यवस्था सिर्फ अंबेडकर चौक तक ही पहुंच पाई है, बाकि इलाकों में एसईसीएल के सहयोग से स्ट्रीट लाइट चलती थीं। जहां भी समस्या आती है, वहां जल्दी टीम भेजकर दुरूस्त करवाता हूं। वार्ड पार्षद 6 संदीप सोनवानी का कहना है कि हर दिन स्ट्रीट लाइट की समस्या से निगम को अवगत कराता हूं। अधिकारी रोज आने की बात करते हैं, लेकिन आते कभी नहीं।



# सड़क सुरक्षा विषयक पर वाद-विवाद

**मनेन्द्रगढ़।** सड़क सुरक्षा जैसे गंभीर और जीवनोपयोगी विषय को समाज के बीच नई चेतना देने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल भरतपुर के ऑडिटोरियम हॉल में विकासखंड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा रखा गया। इस पर हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्तर के छात्र-छात्राओं ने पक्ष और विपक्ष में अपने तर्कों और विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरतपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंवारपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंजिया, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जनकपुर, शासकीय हाई स्कूल खमरौध, सेजेस भरतपुर, न्यू लाइफ इंग्लिश स्कूल जनकपुर तथा वंदना शिक्षा निकेतन जनकपुर से कुल 24 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

## खबर संक्षेप

### नशाखोरी और अपराध पर नहीं लग रही लगाम



**मनेन्द्रगढ़।** युवा कांग्रेस नेता व्यंकटेश सिंह ने छग में बढ़ती नशाखोरी और अपराध को लेकर राज्य सरकार व केन्द्र सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार दावा करती है कि पाकिस्तान से आने वाले ड्रग्स की सप्लाई चैन को तोड़ दिया गया है, जबकि हकीकत यह है कि देश में 11 साल से मोदी की सरकार और राज्य में पौने दो साल से भाजपा की सरकार है। भाजपा बताए कि आखिर सीमा पार से छग तक ड्रग्स कैसे पहुंच रहे थे, जब सीमा सुरक्षित नहीं है, तभी तो स्मगलर आसानी से देश में घुसपैठ कर ड्रग्स पहुंचा रहे हैं। श्री सिंह ने प्रदेश सरकार पर सीधे निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार के 18 महीने के कार्यकाल में ड्रग्स, अफीम, गांजा, हीरोइन, नकली और अवैध शराब खुलेआम बिक रहे हैं।

### निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण शुरू

**मनेन्द्रगढ़।** राष्टीय रोजगार सेवा छग के तत्वावधान में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मनेन्द्रगढ़, जिला एमसीबी द्वारा भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती वर्ष 2025-26 के अंतर्गत प्रारंभिक रूप से चयनित अभ्यर्थियों के लिए विशेष शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। थल सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा हाल ही में घोषित कम्प्यूटर आधारित परीक्षा परिणाम में सफल अभ्यर्थियों को यह अवसर प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क रहेगा।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का प्रचार-प्रसार

**मनेन्द्रगढ़।** रजत जयंती महोत्सव एवं भारत सरकार की लोकप्रिय योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत मिशन शक्ति हब, बाल संरक्षण ईकाई, चाईल्ड हेल्प लाईन, सखी वन स्टाप सेंटर, (महिला एवं बाल विकास विभाग) एवं पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से जिला दंडाधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा के द्वारा बीते 22 अगस्त को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बंजी में साइबर जागरूकता कार्यक्रम एवं विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बालिकाओं को साइबर अपराध संबंधी समस्त पहलुओं के बारे में बताया गया, साथ ही महिला बाल विकास विभाग के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के योजनाओं से भी अवगत कराया गया।

### कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए कॉउसलिंग 28 को

**बैकुण्ठपुर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए राज्य के उत्कृष्ट एवं प्रतिष्ठित विद्यालयों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश दिलाने के उद्देश्य से पंडित जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत प्रवेश परीक्षा 30 मार्च को आयोजित की गई थी। इस प्राक्चयन परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को शासन के निर्णय अनुसार पालक की सहमति से प्रवेश दिलाया जाना है। कार्यालय सहायक आयुक्त अदिवासी विकास के सूचना पटल पर चयनित विद्यार्थियों की सूची का अवलोकन किया जा सकता है। चयनित विद्यार्थी 28 अगस्त को दोपहर 2 से 4 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त अदिवासी विकास में कॉउसलिंग आयोजित की गई है। चयनित विद्यार्थी अपना मूल दस्तावेज जाति, निवास, एवं आय प्रमाण पत्र कक्षा 4 थी एवं 5 वीं की अंकसूची के साथ नियत तिथि को उपस्थित होना को कहा है।

## कोरिया मोदक की मिठास से आया पोषण में बदलाव

# बिहान से महिलाएं बनीं पोषण की वाहक

*मातृ स्वास्थ्य बच्चों के स्वस्थ विकास और समग्र कल्याण को नई दिशा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में कुपोषण को जड़ से समाप्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, मातृ स्वास्थ्य, बच्चों के स्वस्थ विकास और समग्र कल्याण को नई दिशा मिल रही है। पोषण पुनर्वास केन्द्रों में माताओं और बच्चों के लिए समर्पित देखभाल, स्वच्छता जागरूकता, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच की व्यापक व्यवस्था की गई है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री के मंशानुरूप जिले में डीएमएफ मद से फरवरी 2025 से कोरिया मोदक निर्माण करने जैसे नवाचार प्रारंभ की है।

अब तक दो हजार से अधिक गर्भवती महिलाओं को प्रतिदिन दो कोरिया मोदक लड्डू दिए जा चुके हैं। इस पहल से महिलाओं के स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन हुआ है, साथ ही कम वजन वाले बच्चों (एलबीडब्ल्यू) की जन्म दर में 15 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। बैकुंठपुर ब्लॉक के ग्राम आनी में ज्योति स्व-सहायता समूह और मां शारदा समूह की 25 महिलाओं ने इस योजना को गति दे रही है। सत्तू, गुड़, मूंगफली, तिल, जौ, चना और घी से बने ये स्वादिष्ट व पौष्टिक लड्डू मौसम अनुसार तैयार किए जाते हैं। प्रतिदिन 1500 से 2000 कोरिया मोदक तैयार कर रही हैं, अब-तक 3 लाख से अधिक लड्डू वितरित कर चुके हैं और प्रत्येक महिला को 10-12 हजार मासिक आमदनी हो रही है यानी 5 माह में 60 हजार रूपए तक लाभ हुआ है। यह नवाचार महिलाओं के लिए आजीविका का नया जरिया भी बन गई है।



### गर्भवती को पांचवें माह से प्रसव तक मिल रहा लाभ

लड्डू केवल उन्हीं महिलाओं को दिए जाते हैं, जो गर्भावस्था के पांचवें महीने में प्रवेश कर चुकी हों। पोषण संगवारी कार्यकर्ता घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं को लड्डू सेवन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसका असर अब स्वास्थ्य रिपोर्ट में भी साफ नजर आने लगा है। सांख्यिकी कहती है, कोरिया मोदक वितरण से सोनहत विकासखंड (जनवरी-मई 2025) 348 प्रसव हुआ है, जिनमें से 336 महिलाओं को लड्डू वितरण किया गया। इस तरह एलबीडब्ल्यू 8.16 प्रतिशत से घटकर 5.33 प्रतिशत हो गया, कम वजन वाली गर्भवती महिलाओं की संख्या 18 से घटकर 16 हो गई। इसी तरह बैकुंठपुर विकासखंड (जनवरी- मई 2025) में 1464 गर्भवती महिलाओं में से 1375 महिलाओं को लड्डू वितरण किया गया और एलबीडब्ल्यू प्रतिशत में भारी गिरावट आया। 14.49 प्रतिशत से घटकर 6.09 प्रतिशत हो गया है, वहीं कम वजन वाली गर्भवती महिलाओं की संख्या भी 77 से घटकर 60 हो गई है।

### कलेक्टर की पहल बनी पोषण क्रांति का आधार

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बताया कि जब वे यहां पदस्थ हुई तो शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, साफ पेयजल, आवास जैसी बुनियादी जरूरतों के साथ कुपोषण के खिलाफ खासकर कम वजन वाले बच्चों के जन्म दर को कम करने की रणनीति तैयार की और उसी रणनीति का हिस्सा रहा है कोरिया मोदक लड्डू। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को अतिरिक्त पोषण देना जरूरी है, ताकि अगली पीढ़ी स्वस्थ और सबल हो। कोरिया मोदक एक स्थानीय समाधान है, जो स्वाद और सेहत दोनों को साथ लेकर चलता है। हमारा प्रयास है कि आने वाली पीढ़ियां कुपोषण से मुक्त हो। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि लड्डू वितरण से पोषण स्तर में सुधार स्पष्ट है। आने वाले समय में इसे और अधिक सघन तरीके से लागू किया जाएगा, जिससे हर गर्भवती महिला इसका लाभ ले सके।

# मनेन्द्रगढ़ वनमंडल बना रहा खाली गौठानों को हरा भरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

पूर्व की कांग्रेस सरकार ने अपने पाँच वर्ष के कार्यकाल में गोबर और गोठान पे विशेष फोकस रखा।बावजूद इसके आज सभी गोठान खाली और बंजर पड़े है। हर गांव में गौठान बनाया गया। छग में लगभग 8 हजार गौठान बनाए गए, इसमें औसतन हर गौठान में 50 लाख तक खर्च किया गया। गांव के मूलभूत जरूरत को पूरा ना करके गौठान बनाया गया ,जिसका कोई फायदा ही नहीं हुआ। ग्रामीण इलाकों में इसका पिछली सरकार का बहुत नकारात्मक छवि बनी।

गौठानों में अब अतिक्रमण हो रहा है और असामाजिक तत्वों का ये अड्डा बनते जा रहा है, इसको देखते हुए मनेन्द्रगढ़ वनमंडल के डीएफओ मनीष कश्यप ने विशेष पहल की है। इन खाली पड़े गौठानों में महुआ बचाओ अभियान के तहत महुआ पौधे लगा के इसको हरा-भरा किया जा रहा है। गौठानों में फेंसिंग पहले से थी, जो चोरी हो रहा था। वन विभाग ने फेंसिंग मरम्मत करके इसमें महुआ के पौधे लगा दिए, जिससे ये क्षेत्र अतिक्रमण से बच गया और ग्रामीणों का भविष्य में महुआ से आय भी सुनिश्चित हो गई है। अब तक मनेन्द्रगढ़ वनमंडल के 98 गौठान में लगभग 60 हजार महुआ के पौधे रोपे जा चुके हैं, इसके लिए हर ग्राम पंचायत से एनओसी लिया गया और प्रत्येक गौठान में स्थानीय जनप्रतिनिधि ने पौधे लगा के इस अभियान की शुरूवात की। महुआ पेड़ों की घटती संख्या चिंता का विषय है। सबसे बड़ी समस्या इनकी पुनः उत्पादन की है। जंगल में तो महुआ पर्याप्त है, पर




आदिवासियों के द्वारा अधिकतर महुआ का संग्रहण गांव के खाली पड़े जमीन और खेत के मेड़ो पे लगे महुआ से होती है। अगर आप बस्तर और सरगुजा के किसी गांव में जाए तो उनके खेतों के पार और खाली जमीन में सिर्फ बड़े महुआ के पेड़ ही बचे दिखते हैं। छोटे और मध्यम आयु के पेड़ लगभग नगण्य होती हैं। ग्रामीणों के द्वारा महुआ संग्रहण से पहले जमीन साफ करने के लिए आग लगाई जाती है, उसी के कारण एक भी महुआ के पौधे जिंदा नहीं रहते। ग्रामीण महुआ के सभी बीज को भी संग्रहण कर लेते हैं, ये भी एक कारण है महुआ के खत्म होने का। आखिर बड़े महुआ पेड़ कब तक जीवित रह पाएंगे।

छग के महुआ पेड़ बूढ़े हो रहे हैं। महुआ पेड़ की औसत आयु 60 वर्ष है। अगर जंगल के बाहर इनके पुनः उत्पादन पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये जल्द ही खत्म हो जाएंगे। एक महुआ केपेड़ से एक आदिवासी परिवार औसतन 2 क्विंटल फूल और 50 किलो बीज प्राप्त कर लेता है, जिसकी कीमत लगभग 10 हजार होती है। भारत सरकार (पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग) ने भी सभी राज्यों के वन विभाग को पत्र लिखा है कि पौधरोपण में महुआ के पौधे ज्यादा से ज्यादा लगाए जाए। मनेन्द्रगढ़ में महुआ बचाओ अभियान की शुरूवात पिछले वर्ष ही हो गई थी। ग्रामीणों को 30 हजार ट्री गार्ड दे के महुआ पौधे लगवाए गए थे, इसका ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह था, इसको देखते हुए इस वर्ष अब तक 1.12 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं, इसमें ग्रामीणों के यहां 30 हजार पौधे ट्रीगार्ड में, 22 हजार पौधे बाड़ी में और 60 हजार पौधे गौठानों में लगाया गया है, ग्रामीण इससे बहुत खुश है। इस महुआ बचाओ अभियान के लिए पिछले वर्ष 2015 बैच के आईएफएस मनीष कश्यप को दिल्ली में नेक्सस ऑफ गुड फाउंडेशन के अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचल के लिए महुआ का पेड़ विशेष महत्व रखता है। महुआ के मौसम में गांव की गलियां खाली होती है। सभी परिवार के सदस्य व्यस्त रहते हैं। महुआ का पेड़ प्रकृति का दिया हुआ बहुमूल्य पेड़ है।

## एनएचएम कर्मियों ने खून से लिखा पत्र



बैकुण्ठपुर। छग प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल 18 अगस्त से लगातार जारी है। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के मेन्द्रगढ़ में हड़ताल के दौरान कर्मचारियों का अनूठा प्रदर्शन देखने को मिला। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध जताने के लिए स्वयं का रक्त निकालकर राज्य के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और वित्तमंत्री को संबोधित 10 सूत्री मांगों का पत्र लिखा। कर्मचारियों का कहना है कि यह कदम उन्होंने शासन-प्रशासन को जगाने और अपनी समस्याओं की गंभीरता को दर्शाने के लिए उठाया है। संघ का आरोप है कि शासन की ओर से अब तक केवल यह कहा गया है कि उनकी पांच मांगे पूरी कर ली गई हैं, किंतु लिखित में कोई आदेश या पत्र उन्हें प्राप्त नहीं हुआ है। यही वजह है कि कर्मचारियों की हड़ताल लगातार जारी है और वे अपने अधिकारों की पूर्ति तक आंदोलन को आगे बढ़ाते रहेंगे।

# रामनगर थाना क्षेत्र में दर्जनों चोरियां, लोगों में बढ़ा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अनूपपुर

जिले में कानून-व्यवस्था का हाल दिनों-दिन बदतर होता जा रहा है। अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाय पुलिस केवल आश्वासन और बहानेबाजी में मशगूल हैं। हालात यह है कि रामनगर थाना अंतर्गत पिछले दो महीनों में दर्जनों चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, लेकिन अब तक पुलिस एक भी चोर को पकड़ने में नाकाम रही है। चोरों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस उनकी गिरफ्तारी में पूरी तरह असफल साबित हो रही है। उल्टे, फरियादियों को ही थाने में डराने-धमकाने और अपमानित करने की शिकायतें सामने आ रही हैं, इससे आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास घट रहा है और चोरों से ज्यादा पुलिस का भय देखने को मिल रहा है।

सीधी दफाई निवासी रोहिणी केवट के घर से लाखों के गहने चोरी होने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय आवेदन की पावती देने में ही एक सप्ताह का वक्त लगा दिया। सवाल उठता है कि जब एक साधारण पावती देने में पुलिस को इतना वक्त लगता है तो चोरों को पकड़ने में कितनी तत्परता होगी।

चोरों ने अब क्षेत्र के सबसे सुरक्षित और व्यस्त माने जाने वाले भगत सिंह चौक के आसपास भी वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया है। चौक से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित गायत्री ज्वेलर्स, जयसवाल इलेक्ट्रॉनिक्स, एमके इलेक्ट्रॉनिक्स और बाबाजी हार्डवेयर में चोरी की घटनाएं हुईं।

## आयुष्मान भारत योजना से जुड़े घरौंदा के हितग्राही



मनेन्द्रगढ़। मनेन्द्रगढ़ विकासखंड में 23 अगस्त को राष्टीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत एक विशेष पहल के रूप में घरौंदा केन्द्र में रह रहे आश्रित मानसिक रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं फॉलोअप जांच जिला नोडल अधिकारी राष्टीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ. नम्रता चक्रवर्ती के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी हितग्राहियों की स्वास्थ्य स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया गया और उन्हें निरंतर उपचार व देख-रेख की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ आयुष्मान भारत योजनांतर्गत कार्ड भी बनाए गए। इस कार्ड के माध्यम से भविष्य में उन्हें गुणवत्तापूर्ण व निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त होगा, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा। कार्यक्रम के दौरान मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विशेष जोर देते हुए यह संदेश दिया गया कि मानसिक रोग भी अन्य शारीरिक रोगों की तरह उपचार योग्य हैं और समाज को इन रोगियों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की आवश्यकता है।

## मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान को लेकर प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 के अंतर्गत जिले में शिक्षा सुधार की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ते हुए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन शिक्षा की गुणवत्ता में सतत सुधार और विद्यालयी शिक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से किया गया। इसमें जिले के सभी संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक पूर्ण उत्साह और 100 प्रतिशत उपस्थिति के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम का अध्यक्षता जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर भरतपुर विनायक शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे, एबीईओ मनेन्द्रगढ़ वीरेन्द्र पांडे, कार्यालय सहायक डीईओ ऑफिस डीपी मिश्रा, जिला नोडल अधिकारी सीएम गुणवत्ता अभियान सूर्योदय सिंह और एसआरजी खुशबू पी. दास विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र का संचालन मास्टर ट्रेनर्स व्याख्याता एम. अंसारी, चंद्र पाल चंद्रा, शिक्षक गौरव त्रिपाठी, मनीष बेहरा तथा सहायक शिक्षक कंचन कुमार ने किया।

# तनावमुक्त जीवन व मानसिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में 25 अगस्त को आईक्यूएसी के तत्वावधान में तनावमुक्त जीवन और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केन्द्र बैकुंठपुर की बहनों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ।

तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने ब्रह्माकुमारी बहनों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य द्वारा एवं कार्यक्रम की रूपरेखा व उद्देश्य पर प्रकाश आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. सुमित कुमार डे ने डाला।




ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने ओम शांति के वास्तविक अर्थ को समझाते हुए योग द्वारा आत्म-शांति का अनुभव कराया। उन्होंने आत्मबोध को आत्मा का भोजन बताया। बीके रूपा दीदी ने खुशी जीवन का राज विषय पर सकारात्मक सोच के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि नकारात्मक सोच ही तनाव का मूल कारण है। उन्होंने कार्य के दबाव और तनाव के अंतर को उदाहरण सहित स्पष्ट किया और असफलता को स्वीकार कर सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने पर बल दिया। बीके संजू दीदी ने स्वर्णिम भारत के लिए नशामुक्त भारत का संकल्प दिलाया और सभी छात्राओं व प्राध्यापकों से नशा त्यागने की प्रतिज्ञा करवाई। उन्होंने कहा कि शुभभावना और सराहना करना भी सकारात्मक सोच का परिणाम है। अंत में प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने ब्रह्माकुमारी बहनों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन वरूण कुमार कुशवाहा ने किया तथा संचालन सुश्री रिचा चेलकर ने किया।

## केल्हारी में निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर

**मनेन्द्रगढ़।** छग आयुष विभाग के निर्देशानुसार जिला आयुष अधिकारी के तत्वावधान में ग्राम पंचायत केल्हारी में ब्लॉक स्तरीय निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न बीमारियों का उपचार आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक पद्धति से किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत केल्हारी की सरपंच श्रीमती आशा पाव, जनपद सदस्य श्रीमती ज्योति गुप्ता और विधायक प्रतिनिधि रवि गुप्ता उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन और सहयोग से शिविर का वातावरण और भी प्रेरणादायी बना। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चली, जिसमें इस शिविर में कुल 576 मरीजों ने उपचार प्राप्त किया। इनमें से 430 मरीजों का उपचार आयुर्वेदिक पद्धति से और 146 मरीजों का उपचार होम्योपैथी पद्धति से किया गया। मरीजों को गठिया, अपच, साइटिका, जोड़ों का दर्द, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, बवासीर, श्वास रोग, खांसी-जुकाम, माइग्रेन, स्त्री रोग, मोटापा, चर्म रोग और पाचन संबंधी समस्याओं के लिए निःशुल्क परामर्श और उपचार उपलब्ध कराया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### विधायक, कलेक्टर ने...

में नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा, उप अभियंता आलोक चक्रधारी सहित कई पार्षद एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। तत्पश्चात विधायक एवं कलेक्टर ने कचरा वाहन को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया। महिला स्व-सहायता समूहों को पौधरोपण, देखभाल, संरक्षण और जागरूकता से जोड़ने की इस पहल से न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर महिलाओं को सशक्तिकरण और आजीविका का अवसर भी मिलेगा। प्रत्येक समूह को इसके लिए आठ हजार रूपए मासिक की राशि दी जाएगी। नपाध्यक्ष श्री जायसवाल ने अपनी निधि से शव वाहन और मर्चुरी फ्रिजर उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा कि यह सुविधा लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग थी। अब लोगों को शव वाहन और फ्रिजर दूसरी जगहों से नहीं बुलाना पड़ेगा। विधायक श्री राजवाड़े ने कहा कि शव वाहन, मर्चुरी फ्रिजर, पौधरोपण और कचरा वाहन का लोकार्पण क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है।

### आवास निर्माण की...

से जुड़ी हुई हैं। पहला प्रशिक्षण बैच ग्राम पंचायत बुढ़ार में 35 युवाओं को दिया गया था। प्रत्येक बैच को एक माह का नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अब तक 35 युवाओं का प्रशिक्षण और एसेसमेंट पूर्ण हो चुका है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सहायक परियोजना अधिकारी (मनरेगा), आवास योजना ग्रामीण के जिला समन्वयक और सहायक अभियंता को निरीक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। प्रशिक्षण स्थल का आकस्मिक निरीक्षण और प्रतिभागियों से फीडबैक लिया जा रहा है। 100 युवा और महिलाएं बनेंगे राजमिस्त्री आरसेटी के माध्यम से शुरूआती चरण में 100 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है।







